ont>

Title: Need to release funds for proper maintenance of National Highway No.93 between Agra and Aligarh via Khandauli, Sadabad and Hathras, Uttar Pradesh.

प्रो. एस.पी.सिंह बघेल (जलेसर) : उपाध्यक्ष जी, आगरा अलीगढ़ राजमार्ग जो खंदौली सादाबाद हाथरस होकर अलीगढ़ जाता है, को भारत सरकार ने राट्रीय मार्ग नं. 93 घोाित कर दिया है। घोाित किये हुये भी काफी समय व्यतीत हो गया है लेकिन इस मार्ग को राट्रीय राजमार्ग के स्तर का बनाने के लिए कोई कार्य केन्द्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधिकरण द्वारा नहीं किया गया है। आगरा कानपुर मार्ग जहां राम बाग चौराहे से यह एन.एच. 93 प्रारम्भ होता है, से लगभग 6 कि.मी. टेढ़ी बगिया तक सड़क बहुत खराब है। आगे खंदौली कस्बे में सड़क पूरी तरह नट हो गई है, पत्थर का खरंजा राट्रीय राजमार्ग पर खंदौली में लगा हुआ है। इसी प्रकार आगे जाकर हाथरस कस्बे में सड़क बहुत खराब है। केन्द्रीय सरकार के भूतल परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि अविलम्ब धन उपलब्ध कराके उक्त राट्रीय राजेमार्ग 93 को चौड़ा किया जाये। हाट मिक्स प्लांट द्वारा सड़क बनाई जाये तथा प्रथम किश्त में जो कार्य किया जाये वह आगरा से सादाबाद तक विशेा रूप से टेढ़ी बगिया तक तथा खंदौली कस्बे में सड़क के किनारे पक्की नालियां बनाई जायें। यदि पानी के निकास की व्यवस्था नहीं की तो समस्या का समाधान नहीं हो पायेगा। सड़क को आगरा की तरफ से स्टार्टिंग प्वाइंट से कार्य शुरू किया जाये। बीच-बीच में जो कार्य किया जा रहा है वह न्यायसंगत नहीं है।